**आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भेजी गई परियोजनाएं/योजनाएं**

*540. **श्रीमती कैलाशपति :**
**श्री अजीत जोगी :**

क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिए कोई परियोजनाएं/योजनाएं भेजी हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) किन-किन परियोजनाओं/योजनाओं के लिए विश्व बैंक से सहायता मांगे जाने का विचार है ?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) :** (क) जी, हां।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने योजना आयोग को 15,000 करोड़ रु० के प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। प्रस्तावित परिव्यय के मुख्य शीर्षवार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। (**नीचे देखिये**)।

(ग) विश्व बैंक की सहायता से मध्य प्रदेश में कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित परियोजनाएं इस समय वित्त मंत्रालय में विचाराधीन हैं।

1. मध्य प्रदेश कृषि विकास परियोजना।
2. मध्य प्रदेश एकीकृत खानिकी क्षेत्रक परियोजना।
3. (1) मध्य प्रदेश बारगी तथा राजघाट नहर परियोजना।
   (2) नर्मदा नदी घेमिन विकास परियोजना (मध्य प्रदेश), महाराष्ट्र तथा गुजरात के लिए)
4. मध्य प्रदेश शहरी विकास परियोजना।
5. आई०सी०डी०एस०–2 (मध्य प्रदेश तथा बिहार के लिए)
6. नर्मदा सागर परियोजना।

**विवरण**

(करोड़ रु० में)

| बृहद शीर्षों का विकास | आठवीं योजना (1992–97) राज्य सरकार द्वारा परिव्यय प्रस्तावित परिव्यय |
|---|---|
| 1. कृषि एवं सम्बद्ध कार्यकलाप तथा सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण | 4366.92 |
| 2. ग्रामीण विकास | 707.52 |
| 3. विशेष क्षेत्र कार्यक्रम | — |
| 4. आई०आर०ई०पी० में ऊर्जा शामिल है | 4840.92 |
| 5. उद्योग तथा खनिज | 629.40 |
| 6. परिवहन | 580.16 |
| 7. संचार | — |
| 8. विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी | 8.66 |
| 9. पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण खानिकी तथा वन्यजीव शामिल हैं। | 287.31 |
| 10. सामाजिक सेवाएं | 2730.83 |
| 11. अन्य | 848.[illegible] |
| **कुल जोड़ :** | 15,000.00 |